>

Title: Need to expedite the gauge conversion of railway line between Delhi and Haridwar.

श्री संजय सिंह चौहान (बिजनौर): महोदय, दिल्ली-हरिद्वार रेलमार्ग के दोहरीकरण तथा विद्युतीकरण करने के लिए केन्द्र द्वारा सर्वेक्षण किया जा चुका है लेकिन रेलवे लाइन के निर्माण कार्य योजना को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। जिससे इस लाईन का कार्य शीघ्र पूरा हो सके। 2010 के दौरान हरिद्वार में महाकुंभ शुरू होने जा रहा है इसलिए अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन एवं सुविधा हेतु जनहित में कार्य को पूरा करना अति आवश्यक है।